PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Jansatta, Delhi
Sunday 1st November 2015, Page: 10
Width: 7.70 cms, Height: 12.36 cms, a4, Ref: pmin.2015-11-01.40.57

# निर्यात प्रोत्साहन के लिए कई उत्पादों पर शुल्क लाभ को विस्तार

नई दिल्ली, 31 अक्तूबर (भाषा)। निर्यात में गिरावट से चिंतित सरकार ने कपड़ा और इलेक्ट्रानिक्स जैसे कई अन्य प्रकार के उत्पादों को भी शुल्क लाभ देने का निर्णय किया है।

वाणिज्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा, 'वैश्विक अर्थव्यवस्था में सुस्ती के मद्देनजर भारतीय निर्यातकों के समक्ष आ रही प्रमुख चुनौतियों के मद्देनजर वाणिज्य विभाग ने विभिन्न उत्पादों के निर्यात के लिए समर्थन बढ़ाने की घोषणा की है। इसके अलावा कुछ अतिरिक्त उत्पादों को भारत से वस्तुओं के निर्यात की योजना (एमईआइएस) में शामिल किया गया है।' मौजूदा संशोधन में 100 नई टैरिफ लाइन (उत्पाद वर्ग) शामिल की गई हैं। वहीं 2,228 अन्य उत्पादों के लिए दरों में बढ़ोतरी या देशों का विस्तार या दोनों दिए गए हैं। एमईआइएस के तहत सरकार उत्पाद और देश के आधार पर दो फीसद, तीन फीसद और पांच फीसद का शुल्क-लाभ प्रदान करती है।

कपड़ा उत्पादों, फार्मास्युटिकल्स, परियोजना वस्तुएं, वाहन कलपुर्जे, दूरसंचार, कंप्यूटर, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रानिक्स और रेल परिवहन उपकरणों पर शुल्क लाभ वैश्विक स्तर पर मिलेगा। अभी तक इस उत्पादों पर लाभ सिर्फ कुछ देशों के लिए दिया जाता था। इस कदम से बड़ी संख्या में निर्यातकों की प्रतिस्पर्धी क्षमता बढ़ेगी और उन्हें कठिव वैश्विक आर्थिक परिदृश्य से निकलने में मदद मिलेगी। सितंबर में लगातार दसवें महीने देश का वस्तुओं का निर्यात 24.33 फीसद घटकर 21.84 अरब डालर रह गया।

Export incentives extended to many products.

Govt/exports.